सीएसआईआर
CSIR
भारत का नवाचार इंजन
*The Innovation Engine of India*

# इलेक्ट्रॉनिक ज्योति

त्रैमासिक राजभाषा समाचार बुलेटिन, वर्ष 15, अंक 58

अप्रैल, 2026

निशुल्क वितरण के लिए



सीएसआईआर - केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान,
पिलानी-333 031, राजस्थान

**संरक्षक**

डॉ.  पी. सी.पंचारिया

निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

**संपादक**

श्री रमेश बौरा

वरिष्ठ हिंदी अधिकारी

**संपादन सहयोग**

श्री अंशु गहलोत

कनिष्ठ आशुलिपिक

**प्रकाशक**

राजभाषा प्रकोष्ठ

सीएसआईआर-सीरी

**प्रकाशनाधिकार**

©

निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

## विभिन्न आयोजन / महत्वपूर्ण घटनाएँ

### ✓ डीएसआईआर स्थापना दिवस पर सीएसआईआर-सीरी की चार प्रौद्योगिकियों का उद्योगों को हस्तांतरण और एक उत्पाद का लोकार्पण

वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान विभाग (डीएसआईआर) के स्थापना दिवस के अवसर पर दिनांक 4 जनवरी, 2026 को नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में सीएसआईआर - केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर -सीरी), पिलानी ने संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित निम्नलिखित चार स्वदेशी प्रौद्योगिकियाँ उद्योगों को हस्तांतरित कीं :-

1. **एआई-सक्षम (AI enabled) रीयूज़ेबल वाइटल मॉनिटरिंग पैच**
2. **एन्डो ट्राई फ्लो उन्नत फ्लूड मैनेजमेंट सिस्टम**
3. **मिथाइलीन ब्लू रिडक्शन टेस्ट (एमबीआरटी) एनालाइज़र**
4. **पीएक्स4 आधारित ड्रोन फ्लाइट कंट्रोलर**

इसके अलावा संस्थान द्वारा विकसित एक उत्पाद 'जल प्रयोगशाला' का लोकार्पण भी हुआ। यह कार्यक्रम माननीय केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) **डॉ. जितेंद्र सिंह;** भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार डॉ अजय सूद, सीएसआईआर की महानिदेशक एवं डीएसआईआर सचिव **डॉ. (श्रीमती) एन. कलैसेल्वी** तथा **सीएसआईआर–सीरी के निदेशक डॉ. पी. सी. पंचारिया** की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। इसके अलावा इस अवसर पर डीएसआईआर, सीएसआईआर परिवार सहित अन्य संगठनों के वैज्ञानिक एवं गणमान्य अतिथि मौजूद थे।




### ✓ सीएसआईआर-सीरी में विश्व हिंदी दिवस 2026 का आयोजन

सीएसआईआर – केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीरी) में 12 जनवरी, 2026 को विश्व हिंदी दिवस समारोह गरिमामयी ढंग से आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर नितेन्द्र पाठक, अध्यक्ष, कला (मानविकी) विभाग, श्रीमती इंद्रमणि मंडेलिया शिक्षा निकेत, पिलानी मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानापन्न निदेशक एवं वरिष्ठतम मुख्य वैज्ञानिक डॉ सुचंदन पाल ने की। विश्व हिंदी दिवस समारोह में पीएमई प्रमुख श्री प्रमोद तँवर, राजभाषा कार्यान्वयन समिति एवं इलेक्ट्रॉनिक दर्पण प्रकाशन समिति के सदस्यों सहित वरिष्ठ वैज्ञानिक, अधिकारीगण एवं अन्य सहकर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि **प्रोफेसर नितेन्द्र पाठक** ने 'वैश्विक और भारतीय परिदृश्य में हिंदी के प्रभाव, प्रभुत्व और भविष्य की संभावनाएँ' विषय पर आमंत्रित व्याख्यान दिया।







### ✓ सीएसआईआर – सीरी में 77वें गणतंत्र दिवस का आयोजन

संस्थान में राष्ट्र का 77 वां गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. पी. सी. पंचारिया ने राष्ट्र ध्वज फहराया और परेड एवं विद्यालय के बैंड की सलामी भी ली। वरिष्ठ अधिकारियों ने मां भारती के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर अपने संबोधन में डॉ पंचारिया ने अतिथियों, सभी सहकर्मियों व उनके परिजनों, सीरी विद्या मंदिर के शिक्षकों व विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। संस्थान में गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर संस्थान के उच्च अधिकारियों द्वारा संध्या फेरी का आयोजन हुआ जिसका नेतृत्व संस्थान के निदेशक डॉ. पी. सी. पंचारिया ने किया।





### ✓ सीएसआईआर-सीरी में नायुडम्मा मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट एवं आत्माराम मेमोरियल वॉलीबॉल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन

सीएसआईआर–केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर–सीरी), पिलानी के संस्थान प्रांगण में 27 - 31 जनवरी, 2026 के दौरान **नायुडम्मा मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट** (NMCT) एवं **आत्माराम मेमोरियल वॉलीबॉल टूर्नामेंट** (AMVT) का आयोजन किया गया। सीएसआईआर-स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड तथा सीएसआईआर-सीरी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह प्रतिष्ठित अंतर-मंत्रालयी आमंत्रण(Inter-ministerial Invitational) खेल महोत्सव खेल भावना, अनुशासन और आपसी सौहार्द के अभूतपूर्व वातावरण में पुरस्कार वितरण समारोह के साथ सम्पन्न हुआ।

उद्घाटन समारोह के **मुख्य अतिथि** द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित एवं भारतीय महिला मुक्केबाज़ी टीम के पूर्व कोच **श्री अनुप कुमार** थे। इस अवसर पर **विशिष्ट अतिथि** के रूप में **श्री चेतन प्रकाश जैन**, वित्त सलाहकार, सीएसआईआर (अपर सचिव, भारत सरकार) तथा **डॉ. (श्रीमती) अनुराधा मधुकर**, मुख्य वैज्ञानिक एवं सचिव, सीएसआईआर स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड उपस्थित रहीं। समारोह की **अध्यक्षता** सीएसआईआर–सीरी के निदेशक **डॉ. पी. सी. पंचारिया** ने की।

**आत्माराम मेमोरियल वॉलीबॉल टूर्नामेंट** के फाइनल में सीएसआईआर की टीम ने पाँच सेट तक चले अत्यंत रोमांचक मुकाबले में मेज़बान सीरी की टीम को पराजित कर **चैंपियन** बनने का गौरव प्राप्त किया। वहीं, **नायुडम्मा मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट** में यूपीएससी की टीम ने भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की टीम को हराकर पहली बार यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी अपने नाम की। समापन समारोह के मुख्य अतिथि श्री महेन्द्र कुमार गुप्ता एवं संस्थान के निदेशक डॉ. पी. सी. पंचारिया ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफियाँ भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही, मैच ऑफिशियल्स, सभी मैचों के प्लेयर ऑफ द मैच, एवं आयोजन में योगदान देने वाले सहकर्मियों/सहयोगियों को भी सम्मानित किया गया।







### ✓ सीएसआईआर–सीरी, पिलानी में एमएसएमई द्वारा प्रायोजित उद्यमिता एवं कौशल विकास कार्यक्रमों का सफल आयोजन

सीएसआईआर–सीरी (CSIR-CEERI), पिलानी में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (MSME) मंत्रालय , भारत सरकार द्वारा प्रायोजित उद्यमिता एवं कौशल विकास कार्यक्रम **(Entrepreneurship and Skill Development Programme)** के अंतर्गत 19 जनवरी से 27 मार्च, 2026 तक विभिन्न तकनीकी एवं उद्यमिता विकास कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन पूर्ण-दिवसीय कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य युवाओं में तकनीकी दक्षता, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना था। यह पहल छोटे और मध्यम उद्यमों (MSME) के क्षेत्र में कौशल विकास तथा उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गई है। कार्यक्रम के संरक्षक संस्थान के निदेशक डॉ. पी सी पंचारिया थे। इन कार्यक्रमों का संयोजन एवं समन्वयन संस्थान के **सोसाइटल इलेक्ट्रॉनिक्स ग्रुप** ने किया।






### ✓ संस्थान के निदेशक डॉ. पी. सी. पंचारिया राजस्थान टेक्निकल यूनिवर्सिटी के 15वें दीक्षांत समारोह में विशिष्ट अतिथि के रुप में सम्मिलित हुए

राजस्थान टेक्निकल यूनिवर्सिटी, कोटा के 15वें दीक्षांत समारोह (11 मार्च 2026) में सीएसआईआर–सीरी (CSIR-CEERI) के निदेशक डॉ. पी. सी. पंचारिया ने विशिष्ट अतिथि (Guest of Honour) के रूप में सहभागिता की तथा स्नातक होने वाले विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भारत के समग्र विकास में तकनीकी शिक्षा, विज्ञान और नवाचार की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने युवाओं—विशेषकर इंजीनियरों और तकनीकी विशेषज्ञों—को देश के भविष्य का निर्माता बताते हुए विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय संकल्प को साकार करने में उनकी सक्रिय भागीदारी पर बल दिया। इस अवसर पर उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल करियर और सफल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।



✓ **राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति का सीरी जयपुर परिसर का दौरा**

राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) निमित रंजन चौधरी ने 13 मार्च 2026 को सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान, जयपुर का दौरा किया और दोनों संस्थानों के बीच सहयोग को मजबूत करने पर विस्तृत चर्चा की, जिसमें इंजीनियरिंग छात्रों के लिए कौशल विकास पहलों पर विशेष ध्यान दिया गया। यह बैठक सीएसआईआर-सीरी के निदेशक डॉ. पी. सी. पंचारिया की हाल ही में कोटा स्थित राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय की यात्रा के बाद हुई, जहां संस्थागत सहयोग को बढ़ावा देने और छात्र-केंद्रित प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों के अवसरों का विस्तार करने पर प्रारंभिक चर्चा शुरू की गई थी।





## महत्वपूर्ण बैठकें

1. **विषय :** प्रबंधन परिषद (58वीं मैनेजमेंट काउंसिल)

**दिनांक :** 11/02/2026

**स्थान :** सम्मलेन कक्ष, सीएसआईआर-सीरी

## समझौता ज्ञापन/एनडीए/प्रौद्योगिकी हस्तांतरण

11. **उद्योग/क्लाइंट :** मैसर्स ड्रोनटेक सोल्युशंस प्रा. लि., मुंबई
**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** ड्रोन फ्लाइट कंट्रोलर बेस्ड ऑन PX4 ऑटोपायलट बस आर्किटैक्चर
**दिनांक** – 04 जनवरी, 2026

2. **उद्योग/क्लाइंट :** मैसर्स के. आर. इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्रीज, जयपुर
**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** MBRT एनालाइज़र
**दिनांक** – 04 जनवरी, 2026

3. **उद्योग/क्लाइंट :** मैसर्स डिवाइन मेडिटेक प्रा. लि., नोएडा
**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** एंडो-ट्राई-फ्लो : फ्लयूड मैनेजमेंट पंप फॉर मिनिमल इनवेसिव सर्जरी
**दिनांक** – 04 जनवरी, 2026

4. **उद्योग/क्लाइंट :** मैसर्स पी एस आई हैल्थकेअर प्रा. लि., अमरावती
**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** रियूज़ेबल पैच फॉर वाइटल्स मॉनिटरिंग
**दिनांक** – 04 जनवरी, 2026

5. **उद्योग/क्लाइंट :** नेशनल डिफेंस युनिवर्सिटी
**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** इंस्टिट्यूशनल कोलैबोरेशन
**दिनांक** – 20 जनवरी, 2026

6. **उद्योग/क्लाइंट :** आईआईटी – बीएचयू, वाराणसी
**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** इंस्टिट्यूशनल कोलैबोरेशन
**दिनांक** – 06 फरवरी, 2026

7. **उद्योग/क्लाइंट :** मैसर्स आरईआईएल, जयपुर
**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** MBRT एनालाइज़र
**दिनांक** – 23 मार्च, 2026

8. **उद्योग/क्लाइंट :** मैसर्स एसेड्स प्रा. लि. , गुरुग्राम
**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** टु कैरी आउट एंड प्रमोट कौलेबोरेटिव रिसर्च, स्किल डेवलपमेंट, एंड टेकनोलॉजी ट्रांसफर इन रेलेवेंट एरियाज़
**दिनांक** – 27 मार्च, 2026

9. **उद्योग/क्लाइंट :** मैसर्स वर्टेक्स मेडिटेक, अलवर
**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** मेडिसिंक - आईओटी इनेबल्ड पेटेंट मॉनिटरिंग प्लेटफॉर्म
**दिनांक** – 28 मार्च, 2026

## स्वीकृत/फाइल किए गए पेटेन्ट

1. **शीर्षक :** पोर्टेबल बैकवार्ड वेव ऑसिलेटर अपैरेटस विथ ए यूनीक ग्रेडेड कपलिंग सिस्टम फॉर लो-इंपीडेंस इन-लाइन इंटीग्रेशन
**शोधकर्ता/लेखक :** प्रेरणा बिपिन उनादकट, साहिल जैन, नीरज कुमार
**पेटेन्ट फाइलिंग तिथि :** 20 जनवरी, 2026

2. **शीर्षक :** ए यूनिफाइड मल्टी-लेयर कॉम्बिनेशनल लॉजिकबफस्केशन सिस्टम एंड मेथड फॉर सिक्योरिंग हार्डवेयर इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टीज
**शोधकर्ता/लेखक :** जुगल विपुल गांधी, दीक्षा शेखावत, संतोष मनाबाला, जय गोपाल पाण्डेय
**पेटेन्ट फाइलिंग तिथि :** 23 जनवरी, 2026

3. **शीर्षक :** ए नॉन डिस्ट्रक्टिव सिस्टम एंड मेथड फॉर डिटेक्शन एंड कैरेक्टराइजिंग एडल्टरेशन इन एसेन्शियल ऑयल्स

**शोधकर्ता/लेखक :** मनीष मैथ्यू, अशोक चौहान, ए हेपशिबा किरणमयी, देवेन्द्र प्रजापति, अमला जॉर्ज, जया शेखर अस्वथी, पंचारिया पूनम चंद

**पेटेन्ट फाइलिंग तिथि:** 19 जनवरी, 2026

4. **शीर्षक :** वाइब्रेशन सेंसिंग मॉड्यूल विथ एडैप्टिव सिग्नल कंडीशनिंग सर्किट

**शोधकर्ता/लेखक :** रियंका बनर्जी, संतोष मनाबाला, जय गोपाल पाण्डेय, सोम दत्त, सत्यजीत साहू

**पेटेन्ट फाइलिंग तिथि:** 06 फरवरी, 2026

5. **शीर्षक :** ए पीजोइलेक्ट्रिक सेंसर एंड मेथड ऑफ फैब्रिकेटिंग देअरऑफ फॉर लो फ्रीक्वेंसी
वाइब्रेशन सेंसिंग

**शोधकर्ता/लेखक :** महंथ प्रसाद, पियुष अग्रवाल, प्रवीण कुमावत, रमा कांत शर्मा, भवानी शंकर जाँगिड़, दीपक बंसल

**पेटेन्ट फाइलिंग तिथि:** 18 मार्च, 2026

6. **शीर्षक :** ए मैग्नेटोस्ट्रिक्टिव माइक्रोइलेक्ट्रोमेकैनिकल सिस्टम (मेम्स) बेस्ड मैग्नेटिक फील्ड सेंसर एंड मेथड ओएफ फैब्रिकेशन देअरऑफ

**शोधकर्ता/लेखक :** जितेन्द्र सिंह, खुशबू खाण्डल, दीपक कुमार पंवार, अरविंद कुमार सिंह, प्रतीक कोठारी, प्रशांत शर्मा

**पेटेन्ट फाइलिंग तिथि:** 26 मार्च, 2026

7. **शीर्षक :** ए हेटरोस्ट्रक्चर एंड मेथड फोर फॉर्मिंग हेक्सागोनल बोरोन नाइट्राइड फिल्म्स ऑन डायमंड एटी लो टेम्प्रेचर

**शोधकर्ता/लेखक :** मनीष मैथ्यू, कशिश सपरा, इन्द्राणी मजूमदार, शाश्वत के., रमाकान्त शर्मा, कुलदीप सिंह, अशोक चौहान

**पेटेन्ट फाइलिंग तिथि:** 26 मार्च, 2026

## शोध पत्र/लेख/व्याख्यान प्रस्तुतीकरण

1. **सम्मेलन/संगोष्ठी** - इंटरनेशनल कांफ्रेंस ऑन फंक्शनल मैटीरियल्स (आईसीएफएम-2026)

**स्थान** - आईआईटी, खड़गपुर

**दिनांक** - 05-07 जनवरी, 2026

**शोध पत्र** - सेमीकंडक्टर मैटीरियल्स फॉर डिवाइसेज़ फॉर इलेक्ट्रॉनिक एप्लीकेशन

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** - एस के मसिउल इसलाम

2. **सम्मेलन/संगोष्ठी** – 71st आईएलए कांफ्रेंस

**स्थान** – आगरा

**दिनांक** – 05-07 फरवरी, 2026

**शोध पत्र** – वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन (ONOS) भारतीय पुस्तकालयों के लिए वर्तमान और भविष्य की तस्वीर

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – रोहित सिंह

3. **सम्मेलन/संगोष्ठी** – आईईईई एप्लाइड सेंसिंग कांफ्रेंस (आईईईई एपीएससीओएन 2026)

**स्थान** – दिल्ली

**दिनांक** – 16-19 फरवरी, 2026

क) **शोध पत्र** – ट्रांस साइट : ड्युअल अटेंशन स्पैशियो टेम्पोरल नेटवर्क फॉर अनोमली डिटेक्शन इन इंटेलीजेंट ट्रांसपोर्टेशन सर्विलांस

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – राकेश कुमार, अरविंद, एम के शर्मा, एस सौरव एण्ड एस सिंह

ख) **शोध पत्र – ए लाइट वेट सीएनएन फ्रेमवर्क विद एसएएम बेस्ड पी-प्रोसेसिंग फॉर लुफा डिजीज़ डिटेक्शन**

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – एम के शर्मा, एस सौरव एण्ड एस सिंह

4. **सम्मेलन/संगोष्ठी** – ट्रेनिंग प्रोग्राम : "इन सर्विस कोर्स फॉर सीनियर लाइब्रेरी प्रोफेशनल्स"

**स्थान** – आईएसटीएम, नई दिल्ली

**दिनांक** – 16-20 फरवरी, 2026

**शोध पत्र** – ट्रेनिंग प्रोग्राम

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता/प्रतिभागी** – रोहित सिंह

5. **सम्मेलन/संगोष्ठी** – 17th आईईईई लैटिन अमेरिकन सिम्पोज़ियम ऑन सर्किट्स एंड सिस्टम

**स्थान** – पेरू

**दिनांक** – 24-27 फरवरी, 2026

**शोध पत्र** – एन एरर रेज़िलिएंट एरिया एफिशिएंट अल्ट्रा लो पावर 4-बीट फ्लैश एडीसी डिज़ाइन विथ मल्टीवोल्ट ट्रांसिस्टर

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – आर बनर्जी, जे नांगिया, एम संतोष एण्ड जेजी पाण्डेय

6. **सम्मेलन/संगोष्ठी** – एडबल्यूएम – 2026

**स्थान** – चैन्ने

**दिनांक** – 07 मार्च, 2026

**शोध पत्र** – 11th एनुअल वर्कशॉपस मीट - एडबल्यूएम 2026

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता/ प्रतिभागी** – खुशबू सिंह राघव

7. **सम्मेलन/संगोष्ठी** – 5th इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन पावर कंट्रोल एण्ड कम्प्यूटिंग टेक्नोलॉजीज़

**स्थान** – एनआईटी रायपुर

**दिनांक** – 11- 13 मार्च, 2026

**शोध पत्र** – वेब बेस्ड कण्ट्रोल एंड ऑप्टिमाइजेशन ऑफ़ मल्टी-एजेंट थर्मल कम्फर्ट सिस्टम्स फॉर रेजिडेंशियल बिल्डिंग्स यूजिंग IoT

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – ए के सैनी एण्ड एस पी पटेल

8. **सम्मेलन/संगोष्ठी** – इंटरनेशनल कांफ्रेंस ऑन डायमण्ड एण्ड एमर्जेन्ट मटैरियल्स साइन्स एण्ड टेक्नोलॉजी

**स्थान** – आईआईटी मद्रास

**दिनांक** – 11-13 मार्च, 2026

**शोध पत्र** – ग्रोथ ऑफ डायमण्ड ऑन सिलिकॉन विदाउट सीडिंग अंडर वैरिंग नॉइट्रोजन

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – के सपरा, आई मजूमदेव एण्ड एम मैथ्यू

9. **सम्मेलन/संगोष्ठी** – 4th इंटरनेशनल कांफ्रेंस ऑन पावर इंजीनियरिंग एंड इंटेलीजेंट सिस्टम्स

**स्थान** – एन आई टी, उत्तराखंड

**दिनांक** – 14-15 मार्च, 2026

**शोध पत्र** – डीप लर्निंग बेस्ड केपैसीटर ईएसआर एसटीमेशन यूजिंग वेवलेट फीचर्स

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – पी के गुप्ता, ए के सैनी, एन चतुर्वेदी, एण्ड धीरज

**10. सम्मेलन/संगोष्ठी** – आईईईई इंटरनेशनल कांफ्रेंस ऑन ह्यूमन रोबोटिक्स इंटरेक्शन

**स्थान** – स्कॉटलैंड

**दिनांक** – 16-19 मार्च, 2026

**(क) शोध पत्र** – द एक्शन एंगेजमेंट कोलैबोरेशन ट्राइड : ए मल्टीमॉडल एनालिटिकल फ्रेमवर्क फॉर ह्यूमन रोबोट कोलैबोरेशन

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – अरविंद , एन के मेहता, एच कुमार, एस सौरव एण्ड एस सिंह

**(ख) शोध पत्र** – डीकोलोनाईजिंग कोबोट्स : ए फ्रेमवर्क अलाईंड विद यूएन एसडीजीज़ फॉर इक्विटेबल रोबोटिक इंटीग्रेशन

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – अरविंद, किरण, एन के मेहता, एस सौरव एण्ड एस सिंह

## एसीएसआईआर समाचार

✓ पीएचडी प्री थीसिस ओपन कोलॉक्युम

1. **विषय :** डिजाइन एंड डेवलपमेंट ऑफ पीजोइलेक्ट्रिक बेस्ड मेम्स सेंसर फॉर एरोअकाउस्टिक एप्लिकेशन्स
   **प्रस्तुतकर्ता :** सवाने मोहिनी सिद्धार्थ, एसीएसआईआर पीएचडी छात्र
   **दिनांक :** 22 जनवरी, 2026

2. **विषय :** डिजाइन एंड डेवलपमेंट ऑफ अकाउस्टिक वेव डिवाइसेज़ फॉर सेंसिंग एप्लिकेशन्स
   **प्रस्तुतकर्ता :** अजय कुमार, एसीएसआईआर पीएचडी छात्र
   **दिनांक :** 11 मार्च, 2026

3. **विषय :** नॉवेल मशीन लर्निंग एल्गोरिथम फोर ऑथेंटिकेशन ऑफ हनी
   **प्रस्तुतकर्ता :** नवजोत कुमार, एसीएसआईआर पीएचडी छात्र (वैज्ञानिक-ई)
   **दिनांक :** 30 मार्च, 2026

## कौशल विकास कार्यक्रम/शिक्षण-प्रशिक्षण

- **कौशल विकास के अंतर्गत जनवरी से मार्च तक शैक्षणिक दौरा**

| स्कूल/कॉलेज का नाम | छात्रों की कुल संख्या |
|---|---|
| • पीएम श्रीमती. चमेली देवी रा. व. मा. वि. , बुहाना<br>• रा. व. मा. वि. , राजलदेसर, चुरू<br>• पीएम श्री के. वी., हिसार कैन्ट<br>• आरपीएस डिग्री कॉलेज, बलाना<br>• राजकीय पॉलीटेक्नीक कॉलेज, झुंझुनुं<br>• आरपीएससीईटी बलाना, महेन्द्रगढ़ | 567 |

- **कार्यक्रम का नाम** – सेमिकंडक्टर हाई इम्पैक्ट लर्निंग प्रोग्राम (शिल्प)

| बैच | कॉलेज/संस्थान का नाम | प्रशिक्षित छात्रों की संख्या | अवधि |
|---|---|---|---|
| 20 | एनआईटी, दिल्ली | 15 | 10.03.2026 से 20.03.2026 |
| 21 | एनआईटी, दिल्ली | 13 | 23.03.2026 से 03.04.2026 |





## प्रमुख राजभाषा गतिविधियाँ

✓ तिमाही प्रगति रिपोर्ट

संस्थान के विभिन्न अनुभागों/समूहों/प्रभागों से सूचना/आँकड़े एकत्र एवं समेकित कर अक्टूबर-दिसंबर, 2025 तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन की प्रगति रिपोर्ट 21 जनवरी, 2026 को संयुक्त सचिव, सीएसआईआर मुख्यालय को भेजी गई।

✓ राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

निदेशक महोदय की अध्यक्षता में अक्टूबर-दिसंबर, 2025 तिमाही के कार्यों की समीक्षा हेतु राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 21 जनवरी, 2026 को आयोजित की गई।

✓ प्रकाशन कार्य

1. वार्षिक विज्ञान पत्रिका इलेक्ट्रॉनिक दर्पण – वर्ष 2024, अंक 8
2. त्रैमासिक राजभाषा समाचार पत्रिका 'इलेक्ट्रॉनिक ज्योति' वर्ष 14 एवं 15, सयुक्तांक 56 एवं 57 (अक्टूबर,2025 एवं जनवरी 2026)

✓ प्रतियोगिताएँ

1. श्रुतलेख - हिंदी भाषी (03.02.2026)
2. श्रुतलेख - हिंदीतर भाषी (06.03.2026)
3. निबंध लेखन (25.03.2026)

**" हिन्दी हमारे राष्ट्र की अभिव्यक्ति का सरलतम स्रोत है।"**

**- सुमित्रानंदन पंत**